**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक– 16.03.2025 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री से नेता प्रतिपक्ष की मुलाकात पर गरमाई राजनीति, झामुमो ने बकाया राशि की मांग को लेकर घेरा, भाजपा के वरिष्ठ नेता सीपी सिंह ने कहा– सरकार जारी करे श्वेत पत्र।**
2. **राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण पर दिया जोर, जन जागरूकता का संकल्प लेने की अपील।**
3. **कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने कहा – झारखंड में इंडियाअलायंस सरकार राज्य कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मियों और उनके परिवारों की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध**
4. **रांची से पटना जाना हुआ आसान, कल से 28 मई तक हर बुधवार और सोमवार चलेगी पटना–चर्लपल्ली–पटना वाया रांची स्पेशल ट्रेन।**

**********************************

नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद बाबूलाल मरांडी ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री आवास में हुई मुलाकात के दौरान श्री मरांडी ने झारखंड के मौजूदा हालात और राज्य के विकास को लेकर चर्चा की। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मरांडी ने लिखा कि चर्चा के दौरान प्रदेश की वर्तमान परिस्थितियों, विकास कार्यों और भविष्य की रणनीतियों पर विचार–विमर्श हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश को प्रगति के नए आयाम देने के लिए हम सभी संकल्पित हैं। इधर प्रधानमंत्री के साथ नेता प्रतिपक्ष की मुलाकात पर सत्ता पक्ष ने राज्य सरकार की बकाया राशि की मांग को लेकर घेरने की कोशिश की ।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और रांची विधायक सीपी सिंह ने झामुमो के हमले का जवाब दिया है । उन्होंने कहा कि सरकार को बकाया राशि को लेकर श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। सीपी सिंह ने इसके पीछे राजनीतिक लाभ लेने का आरोप लगाया।

**********************************

राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर आज देशभर में कई जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा है कि समाज को पूर्णतः स्वस्थ बनाने के लिए टीकाकरण के प्रति सबों का जागरुक होना जरुरी है क्योंकि यह स्वस्थ जीवन का आधार है। स्वास्थ्य मंत्री ने संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण के प्रति जागरुकता का संकल्प लेने की अपील की।

**********************************

जेएलकेएम के सुप्रीमो जयराम महतो ने पार्टी के विस्तार के लिए बोकारो से सदस्यता अभियान की शुरुआत की। पार्टी कार्यालय में एक बैठक कर पार्टी का महाधिवेशन रांची में आयोजित करने पर भी विचार विमर्श किया गया। साथ ही आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर भी पार्टी की रणनीति पर चर्चा की

**********************************

झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू ने कहा है कि झारखंड में इंडियाअलायंस सरकार राज्य कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके परिवारों की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा कि इस पहल के तहत, लाभार्थियों को सभी सूचीबद्ध अस्पतालों में 5 लाख तक का कैशलेस उपचार और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के लिए 10 लाख तक का उपचार मिलेगा। इस सीमा से अधिक होने वाले अतिरिक्त खर्चों को सरकार वहन करेगी। उन्होंने इसे सभी के लिए सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा की दिशा में एक बड़ा कदम बताया।

**********************************

गिरिडीह जिले में एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत का मामला सामने आया है। खुखरा थाना क्षेत्र के महेशलिट्टी गांव में एक घर से चार शव बरामद हुआ है । यह शव एक पिता और उसके तीन बच्चों का है. आशंका जतायी जा रही है कि पिता ने तीनों बच्चों की हत्या के बाद खुद फांसी लगा ली। मृतकों में दो बेटी और एक बेटा शामिल हैं। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। गिरिडीह एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में पिता द्वारा ही बच्चों की हत्या के बाद फांसी लगाने की बात सामने आ रही है। एसपी ने बताया कि फॉरेंसिक टीम भेजी जा रही है और पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

**********************************

होली के दिन हुई हिंसा के बाद गिरिडीह जिला प्रशासन ने दोनों पक्ष से 22 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिला प्रशासन की सख्ती के कारण दोबारा घोड़थम्बा में हिंसा नहीं हुई है।पूरी तरह से शांति बनी हुई है। खोरी महुआ एसडीएम अनिमेष रंजन के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक हुई जिसमें दोनों पक्ष शामिल हुए। एसडीएम ने बताया कि आज दुकानों को खुलवाकर स्थिति सामान्य की जायेगी। इलाके में दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस फोर्स की तैनाती जारी है।

***************************

गढ़वा जिले में 19–20 मार्च के आयोजित बंशीधर महोत्सव को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर लिए गयी है। महोत्सव को सफल बनाने के लिए बंशीधर नगर को अभी से सजाने –संवारने का कार्य जोरों पर है । विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

***************************

ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए कल से पटना चर्लपल्ली पटना वाया रांची स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू होगा। दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) ने कहा है कि अठाइस मई तक प्रत्येक सोमवार और बुधवार को पटना से यह स्पेशल ट्रेन कुल 22 ट्रिप करेगी ।

***************************

रांची समेत राज्यभर में हीट वेव की स्थिति देखने को मिल रही है। मौसम विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आज से अगले तीन चार दिनों में तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी होगी।

***************************

- अगले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन शुरू हो गये हैं। नामांकन की अंतिम तारीख 31 जुलाई है। इन पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशें केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन स्वीकार की जाएंगी।
- गिरिडीह जिले की निमियाघाट थाना पुलिस ने प्रतापपुर बिजली सबस्टेशन से 32 बैटरी समेत अन्य सामानों की चोरी करने वाले सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है
- जमशेदपुर के परसुडीह–गोविंदपुर सड़क की खराब हालत को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि जब तक उन्हें सड़क बनाने का आश्वासन नहीं मिलेगा, तब तक वे सड़क पर आवागमन बाधित रखेंगे।
- धनबाद के मेमको मोड़ स्थित प्रभातम मॉल में कल रात शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। हालांकि होली की छुट्टी होने की वजह से ग्राहकों को कोई क्षति नहीं पहुंची ।

**********समाप्त****************